संशोधित

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त

उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद्

नीलगिरी काम्पलेक्स, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

पत्रांक : / एम0—57 / दिनांक:

आवश्यक सूचना

लखीमपुर शहर की आवासीय समस्या के समाधान हेतु उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् द्वारा "राजापुर एल0आर0पी0 रोड भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना लखीमपुर खीरी" क्षेत्रफल 316.83 एकड़ भूमि पर आवासीय योजना संचालित किया जाना प्रस्तावित है। भूमि अधिग्रहण हेतु परिषद् अधिनियम-1965 की धारा-28 का प्रथम प्रकाशन राजकीय गजट में दिनांक 04.09.2010 को कराया जा चुका है। योजना की सीमाएं निम्नवत् है। नियोजन समिति द्वारा उक्त योजना में काश्तकारों से प्राप्त आपत्तियों पर व्यक्तिगत सुनवाई परिषद् अधिनियम की धारा-30 के अन्तर्गत लखीमपुर खीरी में स्थित "एल0आर0पी0 गेस्ट हाऊस/डाक बंगला" में दिनांक 11.04.2013 को प्रातः 10:00 बजे से की जानी है।

अतः राजापुर एल0आर0पी0 रोड भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना लखीमपुर खीरी योजना से प्रभावित सभी काश्तकारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 11.04.2013 को निर्धारित स्थान पर प्रातः 10:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के साथ अपनी आपत्तियों पर व्यक्तिगत सुनवाई हेतु भाग लेकर अपना पक्ष रखने का कष्ट करें।

योजना में समाविष्ट भूमि की सीमाएं निम्नलिखित है:-

उत्तर:- लखीमपुर खीरी-बहराइच (एल0आर0पी0) रोड, ग्राम बरखेरवा व ग्राम राजापुर, परगना, तहसील व जिला-लखीमपुर खीरी ।

पूरब:- सीतापुर लखीमपुर खीरी, मैलानी रेलवे लाइन तथा खसरा नम्बर-890(मुडिया खेड़ा मार्ग) ग्राम राजापुर, परगना, तहसील व जिला लखीमपुर खीरी।

दक्षिण:- खसरा नं0-635 भाग, 636 भाग, 638, 644, 645, 646 भाग, 479 भाग, 480, 469 भाग, 447 भाग, 446 भाग, 449 भाग, 441 भाग, 437 भाग, 433 भाग, 345, 346, 347, 348, 342 भाग, 312 भाग, 311 भाग, 315 भाग तथा नहर ग्राम राजापुर, परगना, तहसील व जिला लखीमपुर खीरी।

पश्चिम:- सीतापुर लखीमपुर खीरी पक्की सड़क तथा खसरा नम्बर 245 भाग, 255, 262 भाग, 270, 269, 268, 267, 273 भाग, 283, 282, 281, 277, 276 ,275, 274, 238, 237,223, 222, 221, 220 एवं 219 ग्राम-राजापुर, परगना, तहसील व जिला-लखीमपुर खीरी।

आज्ञा से
आवास आयुक्त

पृ0सं0: 779 / एम0-57 / 32 दिनांक 08-4-13

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- जिलाधिकारी (म0) लखीमपुर।

2- संयुक्त आवास आयुक्त (भूमि),उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104, महात्मा गांधी मार्ग लखनऊ।

3- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-13, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद्, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

4- अधिशासी अभियन्ता, कम्प्यूटर सेल ,उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद्, 104,महात्मा गांधी मार्ग,लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया आवश्यक सूचना परिषद की बेवसाइट पर प्रसारित करने का कष्ट करें।

5- नोटिस बोर्ड।

अधीक्षण अभियन्ता